Protection Officer Comp. Exam 2024 (Women & Child Development Deptt.)

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
No. of Pages in Booklet : 40
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
Paper Code : 33
Subject: Law

# WOP-25

Paper-II

Exam Date 13/9/2025

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

3300861

समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनिट अतिरिक्त*
Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra*

अधिकतम अंक : 300
Maximum Marks : 300

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–
- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर–पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाइटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर–पत्रक में पांचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10.* **प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर–पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. Which Schedule of the Constitution contains the Anti-Defection Law?
(1) Tenth Schedule (2) Twelfth Schedule
(3) Ninth Schedule (4) Eleventh Schedule
(5) Question not attempted

2. **Assertion (A)** - Under Article 141, the decision of the Supreme Court is binding on all courts within the territory of India.
**Reason (R)** - The Supreme Court is not bound by its earlier decisions.
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) is false but (R) is true.
(3) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(4) (A) is true but (R) is false.
(5) Question not attempted

3. When a tribunal omits to decide a matter which it is bound to decide, it can be commanded to determine the questions which it has left undecided by a writ of -
(1) Prohibition (2) Mandamus
(3) Certiorari (4) Quo-Warranto
(5) Question not attempted

4. Find the odd one out in relation to Section 8(1) of Right to Information Act, 2005 -
(1) Prejudicially affect the relation with Foreign State
(2) Prejudicially affect sovereignty and integrity of India
(3) Prejudicially affect the scientific interests of the State
(4) Prejudicially affect the diplomatic relation with the Foreign State
(5) Question not attempted

5. In which case the concept of Plea Bargaining was discussed and later incorporated under Chapter XXIA of Cr.P.C.?
(1) Murlidhar Meghraj Loya v. State of Maharashtra
(2) State of Gujarat v. Natwar Harchandji Thakor
(3) Mohd. Zahid v. State
(4) Kasab v. State of Maharashtra
(5) Question not attempted

1. संविधान की किस अनुसूची में दलबदल विरोधी कानून शामिल है?
(1) दसवीं अनुसूची (2) बारहवीं अनुसूची
(3) नौवीं अनुसूची (4) ग्यारहवीं अनुसूची
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. **अभिकथन (A)** – अनुच्छेद 141 के अन्तर्गत, सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय भारत के क्षेत्र के भीतर सभी न्यायालयों पर बाध्यकारी है।
**तर्क (R)** – सर्वोच्च न्यायालय अपने पूर्व के निर्णयों से बाध्य नहीं है।
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(2) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।
(3) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(4) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. जब कोई अधिकरण एक मामले को विनिश्चित करने में लोप करे जिसे विनिश्चित करने के लिए वह बाध्य हो, तब इसे..................रिट के द्वारा ऐसे प्रश्नों को निर्धारित करने के लिए समादेशित किया जा सकता है जो कि अविनिश्चित रहे हैं।
(1) प्रतिषेध (2) परमादेश
(3) उत्प्रेषण (4) अधिकार पृच्छा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8(1) के संबंध में विषम इंगित करें –
(1) विदेशी राज्य से संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो
(2) भारत की प्रभुता और अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो
(3) राज्य के वैज्ञानिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो
(4) विदेशी राज्य से राजनयिक संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. किस मामले में अभिवाक् सौदेबाजी (Plea Bargaining) की अवधारणा पर चर्चा की गई थी, जिसे बाद में Cr.P.C. के अध्याय XXIA में शामिल किया गया?
(1) मुरलीधर मेघराज लोया बनाम महाराष्ट्र राज्य
(2) गुजरात राज्य बनाम नटवर हरचंदजी ठाकोर
(3) मो. जाहिद बनाम राज्य
(4) कसाब बनाम महाराष्ट्र राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Under Section 80 of the Civil Procedure Code, 1908 when the Court finds after hearing the parties that no urgent or immediate relief need be granted in the suit, it may -
(1) dismiss the suit.
(2) dismiss the suit reserving liberty to file a fresh suit after serving notice under Section 80.
(3) reject the plaint granting liberty to file afresh suit after notice under Section 80.
(4) return the plaint for presentation to it after complying the requirement of notice.
(5) Question not attempted

7. Which Provision of C.P.C., 1908 states the grounds for exemption from Limitation Law for filing a plaint?
(1) Order VI Rule 4 (2) Order VIII Rule 2
(3) Order VII Rule 6 (4) Order XXVII Rule 5B
(5) Question not attempted

8. 'A' who is a minor lives, with her father at Mumbai. She became intimate with 'B' and ran away with him from Mumbai to Jodhpur. After some time, they eventually settled in Ujjain. An offence of kidnapping against 'B' may be tried at -
(1) Mumbai or Jodhpur or Ujjain (2) Ujjain
(3) Jodhpur (4) Mumbai
(5) Question not attempted

9. The neighbour who reports a domestic violence case in good faith to the concerned Protection Officer has -
(1) civil liability (2) financial liability
(3) no liability (4) criminal liability
(5) Question not attempted

10. Section 167 of Cr.P.C., 1973 is related to -
(1) Police custody (2) Judicial custody
(3) Both (1) and (2) (4) Open Jail
(5) Question not attempted

11. Who among the following is entitled to exercise the function of 'sanctioning a prosecution' under Cr.P.C., 1973?
(1) Judicial Magistrate of the First Class
(2) Executive Magistrate
(3) Judicial Magistrate of the Second Class
(4) Metropolitan Magistrate
(5) Question not attempted

6. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 80 के अंतर्गत जब न्यायालय पक्षकारों को सुनने के बाद पाता है कि वाद में अत्यावश्यक या तुरंत अनुतोष देने की आवश्यकता नहीं है, तो वह –
(1) वाद खारिज कर देगा।
(2) धारा 80 के अंतर्गत नोटिस देने के बाद नए सिरे से वाद दाखिल करने की स्वतंत्रता सुरक्षित रखते हुए वाद खारिज कर देगा।
(3) धारा 80 के अंतर्गत नोटिस देने के बाद नए सिरे से वाद दाखिल करने की स्वतंत्रता देते हुए वादपत्र को अस्वीकार कर देगा।
(4) नोटिस की आवश्यकता का अनुपालन करने के बाद वादपत्र को प्रस्तुति के लिए वापिस कर देगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. सी.पी.सी., 1908 के अंतर्गत वाद संस्थित करने में परिसीमा विधि से छूट के आधार का प्रावधान का उल्लेख किया गया है –
(1) आदेश 6 नियम 4 में (2) आदेश 8 नियम 2 में
(3) आदेश 7 नियम 6 में (4) आदेश 27 नियम 5 ख में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. 'A' जो कि अवयस्क है, अपने पिता के साथ मुम्बई में रहती है। वह 'B' के साथ अन्तरंग हो गई और उसके साथ मुम्बई से जोधपुर भाग गई। कुछ समय बाद वे अंततः उज्जैन में बस गए। 'B' के विरुद्ध व्यपहरण के अपराध का विचारण किया जा सकता है –
(1) मुम्बई या जोधपुर या उज्जैन में (2) उज्जैन में
(3) जोधपुर में (4) मुम्बई में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. पड़ौसी जो घरेलू हिंसा के मामले की रिपोर्ट संबंधित संरक्षण अधिकारी को सद्भाविक रूप में करता है वो उसका................होगा।
(1) सिविल दायित्व (2) वित्तीय दायित्व
(3) कोई दायित्व नहीं (4) दांडिक दायित्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. दं.प्र.सं., 1973 की धारा 167 संबंधित है –
(1) पुलिस हिरासत से (2) न्यायिक हिरासत से
(3) दोनों (1) और (2) (4) खुली जेल से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्न में से कौन दं.प्र.सं., 1973 के अंतर्गत 'अभियोजन की मंजूरी' देने का कृत्य किए जाने हेतु अधिकृत है?
(1) प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट
(2) कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(3) द्वितीय वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट
(4) महानगर मजिस्ट्रेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. The first uniform Code of Civil Procedure was enacted in -
(1) 1859 (2) 1858
(3) 1877 (4) 1860
(5) Question not attempted

13. Which of the following Constitutional Amendment Act restored the power of State Government to identify Other Backward Classes that are socially and educationally backward?
(1) 102nd Amendment Act
(2) 104th Amendment Act
(3) 103rd Amendment Act
(4) 105th Amendment Act
(5) Question not attempted

14. Which of the following offence is not contained in Section 3 of the Probation of Offenders Act, 1958?
(1) Punishable under Section 404 of I.P.C., 1860.
(2) Punishable under Section 381 of I.P.C., 1860.
(3) Punishable under Section 406 of I.P.C., 1860.
(4) Punishable under Section 379 of I.P.C., 1860.
(5) Question not attempted

15. Which Section of the Limitation Act, 1963 provides provisions relating to fraud or mistake?
(1) Section 17 (2) Section 18
(3) Section 16 (4) Section 15
(5) Question not attempted

16. In which of the following case/cases, relating to Article 14 of the Constitution of India, the Supreme Court of India rejected the prayer of Post Graduate Ayurvedic students for parity with students in Allopathic stream in the matter of payment of stipend?
(1) State of M.P. v. Vijay Kumar Tiwari (2024) only
(2) State of Gujarat v. Dr. P.A. Bhatt (2023) only
(3) Both (1) and (2)
(4) State of Assam v. Binod Kumar (2024) only
(5) Question not attempted

12. सिविल प्रक्रिया संहिता पर प्रथम एकरूप संहिता को अधिनियमित किया गया –
(1) 1859 में (2) 1858 में
(3) 1877 में (4) 1860 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य सरकार को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को अन्य पिछड़े वर्गों के रूप में पहचान करने की शक्ति बहाल की?
(1) 102वां संशोधन अधिनियम
(2) 104वां संशोधन अधिनियम
(3) 103वां संशोधन अधिनियम
(4) 105वां संशोधन अधिनियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्नलिखित में से कौनसा अपराध अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 3 में उल्लिखित नहीं है?
(1) आई.पी.सी., 1860 की धारा 404 के अधीन दण्डनीय।
(2) आई.पी.सी., 1860 की धारा 381 के अधीन दण्डनीय।
(3) आई.पी.सी., 1860 की धारा 406 के अधीन दण्डनीय।
(4) आई.पी.सी., 1860 की धारा 379 के अधीन दण्डनीय।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. परिसीमा अधिनियम, 1963 की कौनसी धारा कपट या भूल से संबंधित प्रावधान बताती है?
(1) धारा 17 (2) धारा 18
(3) धारा 16 (4) धारा 15
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 से संबंधित निम्नलिखित वाद/वादों में से किसमें उच्चतम न्यायालय ने स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक विद्यार्थियों की यह प्रार्थना अस्वीकार कर दी कि उन्हें स्नातकोत्तर एलोपैथिक विद्यार्थियों के समान वजीफा (स्टाइपेण्ड) का भुगतान किया जावे?
(1) केवल म.प्र. राज्य बनाम विजय कुमार तिवारी (2024) में
(2) केवल गुजरात राज्य बनाम डॉ. पी.ए. भट्ट (2023) में
(3) (1) एवं (2) दोनों में
(4) केवल असम राज्य बनाम बिनोद कुमार (2024) में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. Which one of the following statement is NOT correct relating to "Freedom of Conscience" guaranteed by Article 25(1) of the Constitution?

(1) It is subject to morality.

(2) It is subject to public order.

(3) It is absolute.

(4) It is subject to other provisions of Part III of the Constitution.

(5) Question not attempted

18. In which of the following case an appeal against an order of acquittal passed by the Juvenile Justice Board shall lie?

(1) An order of acquittal passed by the Juvenile Justice Board relating to a child of seventeen years of age who has committed a heinous offence.

(2) An order of acquittal passed by the Juvenile Justice Board relating to a child of seventeen years of age who has committed a serious offence.

(3) An order of acquittal passed by the Juvenile Justice Board regarding a child of seventeen years of age who has committed a petty offence.

(4) An order of acquittal passed by the Juvenile Justice Board relating to a child of fifteen years of age who has committed a heinous offence.

(5) Question not attempted

19. In which of the following case, it was held by the Supreme Court that "Section 125 of Cr.P.C., 1973 cannot be excluded from its application to divorced Muslim woman irrespective of the Law under which she is divorced"?

(1) Mohd. Abdul Samad v. State of Telangana & Another

(2) Sheikh Javed Iqbal v. State of U.P.

(3) Md. Rahim Ali @ Abdur Rahim v. State of Assam

(4) Mohd. Julfukar v. State of Uttarakhand & Another

(5) Question not attempted

17. संविधान के अनुच्छेद 25(1) द्वारा प्रत्याभूत ''अंतःकरण की स्वतंत्रता'' के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) यह सदाचार के अधीन है।

(2) यह लोक व्यवस्था के अधीन है।

(3) यह पूर्ण है।

(4) यह संविधान के भाग तीन के अन्य प्रावधानों के अधीन है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित दोषमुक्ति के आदेश के विरुद्ध निम्नलिखित में से किस मामले में अपील होगी?

(1) किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित दोषमुक्ति का ऐसा आदेश जो कि 17 वर्ष के बालक द्वारा जघन्य अपराध कारित किए जाने के संबंध में है।

(2) किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित दोषमुक्ति का ऐसा आदेश जो कि 17 वर्ष के बालक के संबंध में पारित किया गया है जिसने घोर अपराध किया है।

(3) किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित दोषमुक्ति का ऐसा आदेश जो कि 17 वर्ष के बालक के संबंध में पारित किया गया है जिसने छोटा अपराध कारित किया है।

(4) किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित दोषमुक्ति का ऐसा आदेश जो कि 15 वर्ष के बालक द्वारा जघन्य अपराध किए जाने के संबंध में है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. निम्नलिखित में किस वाद में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह धारण किया गया कि, ''दं.प्र.सं., 1973 की धारा 125 की प्रयोज्यता से मुसलमान विवाह विच्छेदित महिला को अपवर्जित नहीं किया जा सकता है, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि किस विधि के अंतर्गत उसका विवाह विच्छेद हुआ था।''?

(1) मोहम्मद अब्दुल समद बनाम तेलंगाना राज्य एवं अन्य

(2) शेख जावेद इकबाल बनाम यू.पी. राज्य

(3) मोहम्मद रहीम अली @ अब्दुर रहीम बनाम असम राज्य

(4) मोहम्मद जुल्फुकार बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. Which one of the following statement is correct?
(1) The consequence of absence of complainant under Section 249 of Cr.P.C. is acquittal.
(2) The consequence of absence of complainant under Section 256 of Cr.P.C. is acquittal.
(3) There is no provision of withdrawal of complaint in trial of summon cases by magistrate.
(4) The consequence of non-appearance of complainant under Section 256 of Cr.P.C. is discharge.
(5) Question not attempted

21. 'A', residing in Ajmer, publishes in Bikaner a statement defamatory to 'B'. 'B' may sue 'A' -
(1) only in Bikaner
(2) only in Ajmer
(3) at any place of Rajasthan
(4) either in Bikaner or in Ajmer
(5) Question not attempted

22. Which of the following Court may issue a 'Precept' under C.P.C., 1908?
(1) Only the District Court
(2) Only the High Court
(3) The Court passing the decree
(4) The Court in whose jurisdiction the property is situated
(5) Question not attempted

23. Which of the following combinations are NOT correctly matched?

| **Provision** | **Cr.P.C., 1973** |
|---|---|
| (A) Expenses of complainants and witnesses | Section 323 |
| (B) Court to be open | Section 327 |
| (C) Deposition of medical witness | Section 292 |
| (D) Parties may examine witnesses | Section 287 |

Select the correct answer using the code given below -
(1) (A) and (C)
(2) (A) and (B)
(3) (B) and (D)
(4) (B), (C) and (D)
(5) Question not attempted

20. निम्न में से कौनसा कथन सही है?
(1) दं.प्र.सं. की धारा 249 के अंतर्गत परिवादी की अनुपस्थिति का परिणाम दोषमुक्ति है।
(2) दं.प्र.सं. की धारा 256 के अंतर्गत परिवादी की अनुपस्थिति का परिणाम दोषमुक्ति है।
(3) मजिस्ट्रेट द्वारा समन मामलों के विचारण में परिवाद को वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है।
(4) दं.प्र.सं. की धारा 256 के अंतर्गत परिवादी की गैरहाजरी का परिणाम उन्मोचन है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. 'ए', अजमेर निवासी, निवासी 'बी' के विरुद्ध मानहानिकारक कथन का प्रकाशन बीकानेर में करता है। 'ए' के विरुद्ध 'बी' वाद ला सकेगा –
(1) केवल बीकानेर में
(2) केवल अजमेर में
(3) राजस्थान में किसी भी स्थान पर
(4) या तो बीकानेर में या अजमेर में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. निम्नलिखित में से कौनसा न्यायालय सी.पी.सी., 1908 के अंतर्गत 'आज्ञापत्र' जारी कर सकता है?
(1) केवल जिला न्यायालय
(2) केवल उच्च न्यायालय
(3) डिक्री पारित करने वाला न्यायालय
(4) न्यायालय जिसकी अधिकारिता में सम्पत्ति स्थित है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. निम्नलिखित संयोजनों में से कौनसे सुमेलित नहीं हैं?

| **प्रावधान** | **दं.प्र.सं., 1973** |
|---|---|
| (A) परिवादियों एवं साक्षियों के व्यय | धारा 323 |
| (B) न्यायालयों का खुला होना | धारा 327 |
| (C) चिकित्सीय साक्षी का अभिसाक्ष्य | धारा 292 |
| (D) पक्षकार साक्षियों की परीक्षा कर सकेंगे | धारा 287 |

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें –
(1) (A) और (C)
(2) (A) और (B)
(3) (B) और (D)
(4) (B), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. "The Doctrine of Stare Decisis is not an inflexible rule of Law. A larger Bench of this court may reconsider a previous decision in appropriate cases, bearing in mind the tests which have been formulated in the precedents of this court."
Above observations relating to Article 141 of the Constitution were made in the case of -
(1) Satyanand Singh v. Union of India
(2) Sita Soren v. Union of India
(3) In Re: T.N. Godavarman Thirumulpad v. Union of India
(4) Noble M. Paikada v. Union of India
(5) Question not attempted

25. Admissions are not conclusive proof of the matters admitted but they may operate as -
(1) Res judicata (2) Estoppel
(3) Res gestae (4) Both (1) and (3)
(5) Question not attempted

26. Which one of the following is a suit of civil nature?
(1) Suits against expulsion from caste
(2) Suits involving purely religious ceremonies
(3) Suits for recovery of voluntary offerings
(4) Suits for rights to yajmanvritis
(5) Question not attempted

27. Under Protection of Women from DV Act 2005, The Protection Officer shall be under the control and supervision of the -
(1) Magistrate (2) Sub-Divisional Officer
(3) District Collector (4) District Magistrate
(5) Question not attempted

28. Under Cr.P.C., the period of limitation for taking cognizance of an offence punishable with imprisonment for two years shall be -
(1) Two years (2) Three years
(3) One year (4) Four years
(5) Question not attempted

29. "Artificial form of res judicata" is contained in....................of Code of Civil Procedure, 1908.
(1) Explanation IV to Section 11
(2) Explanation VIII to Section 11
(3) Explanation VII to Section 11
(4) Explanation II to Section 11
(5) Question not attempted

24. ''निर्णयानुसरण का सिद्धान्त विधि का अलचीला नियम नहीं है। समुचित मामलों में इस न्यायालय की वृहत्तर पीठ पूर्ववर्ती निर्णय पर पुनर्विचार कर सकती है, मस्तिष्क में उस परीक्षण को ध्यान में रखते हुए जो कि न्यायालय द्वारा पूर्वनिर्णयों में सूत्रबद्ध किया गया है।''
संविधान के अनुच्छेद 141 के संबंध में उक्त संप्रेक्षण.................के वाद में किए गए।
(1) सत्यानंद सिंह बनाम भारत संघ
(2) सीता सोरेन बनाम भारत संघ
(3) इन रीः टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपद बनाम भारत संघ
(4) नोबल एम. पइकड़ बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. स्वीकृतियाँ, स्वीकृत विषयों का निश्चायक सबूत नहीं हैं किन्तु वे इस प्रकार कार्य कर सकते हैं –
(1) पूर्व–न्याय (2) विबंध
(3) रेस गेस्टे (4) (1) एवं (3) दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. निम्नलिखित में से कौनसा दीवानी प्रकृति का वाद है?
(1) जाति से बहिष्कृत करने के विरुद्ध वाद
(2) शुद्ध रूप से धार्मिक उत्सवों संबंधी वाद
(3) स्वैच्छिक चढ़ावे की वसूली हेतु वाद
(4) यजमानवृतियों के अधिकार के लिए वाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण एक्ट 2005 के अंतर्गत, संरक्षण अधिकारी..................के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के अधीन होगा।
(1) मजिस्ट्रेट (2) उप–खण्ड अधिकारी
(3) जिला कलेक्टर (4) जिला मजिस्ट्रेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. यदि अपराध दो वर्ष के कारावास से दंडनीय है, तो दं.प्र.सं. के अंतर्गत संज्ञान लेने के लिए परिसीमा काल होगा –
(1) दो वर्ष (2) तीन वर्ष
(3) एक वर्ष (4) चार वर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 में ''कृत्रिम प्रांग न्याय का रूप'' ..................................... है।
(1) धारा 11 के स्पष्टीकरण IV में
(2) धारा 11 के स्पष्टीकरण VIII में
(3) धारा 11 के स्पष्टीकरण VII में
(4) धारा 11 के स्पष्टीकरण II में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. The question is whether A's death was caused by poison.

Statements made by 'A' during his illness as to his symptoms are relevant facts under ............... of Indian Evidence Act, 1872.

(1) Section 9
(2) Section 8
(3) Section 14
(4) Section 11
(5) Question not attempted

31. Choose among the following, the case decided by the Supreme Court in which the phrase "Change in the circumstances" used in Section 25(2) of the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 was discussed -

(1) Megha Nautiyal v. Deepak Barthwal
(2) K. Sekhar Rao v. K. Rekha
(3) Smt. Kriti Vikas Kumar Swami v. Vikas Kumar Swami
(4) S. Vijikumari v. Mowneshwarachari C
(5) Question not attempted

32. Ancient Rule of 'Damdupat' is related to which of the following?

(1) Evidence
(2) Res Judicata
(3) Interest
(4) Costs
(5) Question not attempted

33. Which of the following case relates to Section 438 of Cr.P.C.?

(1) Srikant Upadhyay & Others v. State of Bihar & Another
(2) Ram Nath v. State of U.P. & Others
(3) Apoorva Arora & Another etc. v. State (Govt. of NCT of Delhi)
(4) State of M.P. v. Shilpa Jain & Others
(5) Question not attempted

30. प्रश्न यह है कि क्या 'क' की मृत्यु विष से कारित हो गई थी।

अपनी रुग्णावस्था में 'क' द्वारा अपने लक्षणों के बारे में किए हुए कथन भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की..................के अंतर्गत सुसंगत तथ्य हैं।

(1) धारा 9
(2) धारा 8
(3) धारा 14
(4) धारा 11
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. निम्नलिखित में से उच्चतम न्यायालय द्वारा विनिश्चित वाद को चुनिए जिसमें घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 25(2) में प्रयुक्त फ्रेज़ "परिस्थितियों में परिवर्तन" पर विचार विमर्श किया गया –

(1) मेघा नौटियाल बनाम दीपक बर्थवाल
(2) के. शेखर राव बनाम के. रेखा
(3) श्रीमती कृति विकास कुमार स्वामी बनाम विकास कुमार स्वामी
(4) एस विजिकुमारी बनाम मोवनेश्वरचारी सी.
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. 'दामदुपट' का पुरातन नियम निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(1) साक्ष्य
(2) पूर्वन्याय
(3) ब्याज
(4) खर्चे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. निम्नलिखित में से कौनसा वाद दं.प्र.सं. की धारा 438 से संबंधित है?

(1) श्रीकान्त उपाध्याय एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य
(2) रामनाथ बनाम यू.पी. राज्य एवं अन्य
(3) अपूर्वा अरोड़ा एवं अन्य आदि बनाम स्टेट (गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ देहली)
(4) म.प्र. राज्य बनाम शिल्पा जैन एवं अन्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. The Supreme Court pointed out, "School Leaving Certificate has been accorded statutory recognition for purposes of determination of age….. Aadhar Card can be used to establish identity but is not per se proof of date of birth".
In which one of the following case/s, above observations were made relating to Section 94(2) of J.J. (Care and Protection of Children) Act, 2015?
(1) Child in Conflict with Law through his Mother v. State of Karnataka
(2) In Re: Right to privacy of adolescent v. Nil
(3) Saroj & Others v. Iffco-Tokio General Insurance Co. & Others
(4) In both (1) and (2)
(5) Question not attempted

34. उच्चतम न्यायालय ने कहा कि "विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र आयु के निर्धारण के उद्देश्य से सांविधिक रूप से मान्य है ......... आधार कार्ड को पहचान स्थापित करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में नहीं।"
उपरोक्त संप्रेक्षण, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 94(2) के संबंध में निम्नलिखित में से किस वाद/वादों में किए गए?
(1) चाइल्ड इन कनफ्लिक्ट विद लॉ थ्रू हिज़ मदर बनाम कर्नाटक राज्य में
(2) इन री : राईट टू प्राइवेसी ऑफ एडोलसेन्ट बनाम निल में
(3) सरोज एवं अन्य बनाम इफको–टोकियो जनरल इंश्योरेन्स कं. एवं अन्य में
(4) (1) एवं (2) दोनों में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. Which of the following is correctly matched?
(1) Judgment debtor - Section 2(9)
(2) Mesne Profits - Section 2(18)
(3) Foreign Court - Section 2(10)
(4) Judge - Section 2(8)
(5) Question not attempted

35. निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित है?
(1) निर्णीत ऋणी – धारा 2(9)
(2) अन्तःकालीन लाभ – धारा 2(18)
(3) विदेशी न्यायालय – धारा 2(10)
(4) न्यायाधीश – धारा 2(8)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. Sub-classification of Scheduled Caste and Scheduled Tribes categories for reservation in public employment is permitted by a 6:1 majority of the Supreme Court of India in State of Punjab v. Davinder Singh 2024 INSC 562. Which of the following wrote the dissenting opinion?
(1) Justice Vikram Nath
(2) Justice Manoj Mishra
(3) Justice B.R. Gavai
(4) Justice Bela M. Trivedi
(5) Question not attempted

36. सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के उप–वर्गीकरण को पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह 2024 आई.एन.एस.सी. 562 वाद में उच्चतम न्यायालय के 6:1 बहुमत से अनुमति दी गई है। निम्नलिखित में से किसने असहमतिपूर्ण राय लिखी?
(1) न्यायाधीश विक्रम नाथ
(2) न्यायाधीश मनोज मिश्रा
(3) न्यायाधीश बी.आर. गवई
(4) न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Which part of the Constitution deals with Panchayati Raj?
(1) PART XI (2) PART XII
(3) PART X (4) PART IX
(5) Question not attempted

37. संविधान का कौनसा भाग पंचायती राज से संबंधित है?
(1) भाग XI (2) भाग XII
(3) भाग X (4) भाग IX
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. Match List-I with List-II and choose correct answer using code given below -

| List-I (Provision relating to) | List-II (Section) |
|---|---|
| (a) Precepts | (I) Section-88 |
| (b) Caveat | (II) Section-46 |
| (c) Special Case | (III) Section-148A |
| (d) Interpleader suit | (IV) Section-92 |
| | (V) Section-90 |

**Code -**

(1) (a)-(IV), (b)-(II), (c)-(I), (d)-(V)
(2) (a)-(II), (b)-(III), (c)-(V), (d)-(I)
(3) (a)-(II), (b)-(III), (c)-(I), (d)-(IV)
(4) (a)-(I), (b)-(III), (c)-(IV), (d)-(V)
(5) Question not attempted

38. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट के प्रयोग से सही उत्तर चुनें –

| सूची–I (संबंधित प्रावधान) | सूची–II (धारा) |
|---|---|
| (a) आज्ञापत्र | (I) धारा–88 |
| (b) केवियट | (II) धारा–46 |
| (c) विशेष मामला | (III) धारा–148A |
| (d) अन्तराभिवाची वाद | (IV) धारा–92 |
| | (V) धारा–90 |

**कूट –**

(1) (a)-(IV), (b)-(II), (c)-(I), (d)-(V)
(2) (a)-(II), (b)-(III), (c)-(V), (d)-(I)
(3) (a)-(II), (b)-(III), (c)-(I), (d)-(IV)
(4) (a)-(I), (b)-(III), (c)-(IV), (d)-(V)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. The definition of 'Domestic Violence' under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 shall not include -

(1) Sexual abuse (2) Physical abuse
(3) Social abuse (4) Economic abuse
(5) Question not attempted

39. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत 'घरेलू हिंसा' की परिभाषा में शामिल नहीं है –

(1) लैंगिक दुरुपयोग (2) शारीरिक दुरुपयोग
(3) सामाजिक दुरुपयोग (4) आर्थिक दुरुपयोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. In Explanation to Section 40 of the J. J. (Care and Protection of Children) Act, 2015 the expression 'restoration and protection of a child' does not specifically state to mean restoration to which one of the following?

(1) legal guardian (2) guardian
(3) fit person (4) parents
(5) Question not attempted

40. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 40 के स्पष्टीकरण में अभिव्यक्ति "किसी बालक का प्रत्यावर्तन और संरक्षण" से विशिष्ट रूप से निम्नलिखित में से किससे प्रत्यावर्तन अभिप्रेत नहीं है?

(1) विधिक संरक्षक (2) संरक्षक
(3) योग्य व्यक्ति (4) माता–पिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. In which of the following case, the Supreme Court explained the scope of Section 482 of Cr.P.C.?

(1) Kartar Singh v. State of Punjab (1994)
(2) State of Haryana v. Bhajan Lal (1992)
(3) Zahira Habibullah Sheikh v. State of Gujarat (2006)
(4) Lalit Kumar v. Govt. of U.P. (2017)
(5) Question not attempted

41. निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने Cr.P.C. की धारा 482 के क्षेत्राधिकार की व्याख्या की थी?

(1) करतार सिंह बनाम पंजाब राज्य (1994)
(2) हरियाणा राज्य बनाम भजन लाल (1992)
(3) ज़ाहिरा हबीबुल्लाह शेख बनाम गुजरात राज्य (2006)
(4) ललित कुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2017)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. Which of the following is NOT a suit of civil nature?

(1) Suit for upholding mere honour
(2) Suit for specific relief
(3) Suit relating to right to worship
(4) Suit relating to right to property
(5) Question not attempted

42. निम्नलिखित में से कौनसा सिविल प्रकृति का वाद नहीं है?

(1) केवल मात्र सम्मान बनाए रखने के लिए वाद
(2) विशिष्ट अनुतोष के लिए वाद
(3) पूजा के अधिकार से सम्बन्धित वाद
(4) सम्पत्ति के अधिकार से सम्बन्धित वाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. Which of the following offences may not be tried in a summary way under Section 260 of Cr.P.C.?
(1) Offence punishable under Section 455 of Indian Penal Code, 1860.
(2) Offence punishable under Section 456 of Indian Penal Code, 1860.
(3) Receiving stolen property, under Section 411 of the Indian Penal Code, 1860, where the value of the property does not exceed two thousand rupees.
(4) Theft under Section 381 of the Indian Penal Code, 1860 where the value of the property stolen does not exceed two thousand rupees.
(5) Question not attempted

43. धारा 260 दं.प्र.सं. के अंतर्गत निम्न में से किस अपराध को संक्षिप्ततः विचारित नहीं किया जा सकता है?
(1) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 455 के अधीन दंडनीय अपराध।
(2) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 456 के अधीन दंडनीय अपराध।
(3) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 411 के अधीन चोरी की सम्पत्ति को प्राप्त करना जहाँ ऐसी सम्पत्ति का मूल्य दो हजार रुपये से अधिक नहीं है।
(4) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 381 के अंतर्गत चोरी जहाँ चुराई हुई सम्पत्ति का मूल्य दो हजार रुपये से अधिक नहीं है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. The maxim 'Ex-debito justitiae' is related to which Section of the Code of Civil Procedure, 1908?
(1) Section 151 (2) Section 146
(3) Section 145 (4) Section 140
(5) Question not attempted

44. 'एक्स–डेबिटो जस्टिटिया' सूत्रवाक्य सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की किस धारा से संबंधित है?
(1) धारा 151 (2) धारा 146
(3) धारा 145 (4) धारा 140
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. Which of the following pair is incorrectly matched?
(1) Joseph Shine v. Union of India (2019)3 SCC 39 - Adultery
(2) Shilpa Sailesh v. Varun Sreenivasan 2023 SCC Online SC 544 - Reproductive Rights
(3) Animal Welfare Board of India v. Union of India 2023 SCC Online SC 661 - Validity of Jallikattu
(4) Tej Prakash Pathak v. Rajasthan High Court - Appointment to Public Posts
(5) Question not attempted

45. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(1) जोसेफ शाईन बनाम भारत संघ (2019)3 एससीसी 39 – व्यभिचार / जारता
(2) शिल्पा शैलेश बनाम वरुण श्रीनिवासन 2023 एससीसी ऑनलाइन एससी 544 – प्रजनन अधिकार
(3) एनिमल वैलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया बनाम भारत संघ 2023 एससीसी ऑनलाइन एससी 661 – जलीकट्टू की वैधता
(4) तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय – सार्वजनिक पदों पर नियुक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. How many grounds are provided under Section 13 of Code of Civil Procedure, 1908 to challenge the foreign judgement?
(1) 5 (Five) (2) 6 (Six)
(3) 4 (Four) (4) 7 (Seven)
(5) Question not attempted

46. विदेशी निर्णय को चुनौती देने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 13 के अन्तर्गत कितने आधार प्रदान किए गए हैं?
(1) 5 (पाँच) (2) 6 (छः)
(3) 4 (चार) (4) 7 (सात)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. In which of the following case it was stated by the Supreme Court that a statement recorded by the Investigation Officer under Section 161 of Code of Criminal Procedure, 1973 may be considered as Dying Declaration?
(1) Only in Shivani Tyagi v. State of UP & Anothers (2024)
(2) Only in Shajan v. State of Kerala (2024)
(3) Dharmendra Kumar @ Dhamma v. State of M.P. (2024)
(4) Both (1) and (2)
(5) Question not attempted

47. उच्चतम न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से किस वाद में यह कथन किया गया कि अन्वेषण अधिकारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 161 के अधीन अभिलिखित कथन मृत्युकालीन कथन माने जा सकेंगे?
(1) केवल शिवानी त्यागी बनाम यू.पी. राज्य एवं अन्य (2024) में
(2) केवल शाजन बनाम केरल राज्य (2024) में
(3) धर्मेन्द्र कुमार उर्फ धम्म बनाम म.प्र. राज्य (2024) में
(4) (1) एवं (2) दोनों में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. Under which Section can a Magistrate convert a summons case into a warrant case?
(1) Sec. 257  (2) Sec. 252
(3) Sec. 256  (4) Sec. 259
(5) Question not attempted

48. मजिस्ट्रेट किस धारा के अंतर्गत समन मामले को वारंट मामले में परिवर्तित कर सकता है?
(1) धारा 257  (2) धारा 252
(3) धारा 256  (4) धारा 259
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. Under which provision of law, the Sessions Court can make a reference to the High Court regarding the validity of any Act, Ordinance or Regulation, the determination of which is necessary for the disposal of the case?
(1) Section 395 of Code of Criminal Procedure 1973
(2) Section 366 of Code of Criminal Procedure 1973
(3) Section 396 of Code of Criminal Procedure 1973
(4) Section 368 of Code of Criminal Procedure 1973
(5) Question not attempted

49. विधि के किस प्रावधान के अंतर्गत एक सेशन न्यायालय किसी अधिनियम, अध्यादेश अथवा विनियम की विधिमान्यता के संबंध में उच्च न्यायालय को निर्देश कर सकता है, जिसका अवधारण मामले को निपटाने के लिए आवश्यक है?
(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 395
(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 366
(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 396
(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 368
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. What is the period of limitation for a suit by a mortgagee for foreclosure?
(1) Forty years  (2) Three years
(3) Twenty years  (4) Thirty years
(5) Question not attempted

50. बन्धकदार द्वारा पुरोबन्ध के लिए वाद की समय–सीमा क्या है?
111. A person who knowingly causes bodily injury to another who is labouring under a disorder, disease or bodily infirmity and thereby accelerates the death of that other shall be deemed to have cause -

(1) Murder of that person

(2) No offense

(3) Culpable homicide not amounting to murder

(4) Grievous hurt to that person

(5) Question not attempted

112. 'Dowry Death' includes -

(1) Death of a woman in other than unnatural circumstances within seven years of her marriage.

(2) Murder of woman by burn within seven years of her marriage.

(3) Death of a woman by bodily injury other than under normal circumstances within seven years of her marriage.

(4) Culpable homicide of woman within seven years of her marriage.

(5) Question not attempted

113. 'Tuhr' under Muslim Law means -

(1) Period between two menstruation courses

(2) Period of three menstruation courses

(3) Period during which a Muslim woman is not allowed to meet anyone after the death of her husband

(4) Period of impurity

(5) Question not attempted

110. मुता विवाह में, अगर विवाह पूर्णावस्था को प्राप्त नहीं होता है, तो क्या पत्नी मेहर की अधिकारिणी होगी?

(1) हाँ, वह आधे मेहर की अधिकारिणी होगी।

(2) हाँ, वह पूर्ण मेहर की अधिकारिणी होगी।

(3) नहीं, वह मेहर की अधिकारिणी नहीं होगी।

(4) हाँ, वह एक–तिहाई मेहर की अधिकारिणी होगी।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

111. कोई व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्ति को यह जानते हुए चोट पहुँचाता है कि वह किसी विकार, बीमारी या शारीरिक दुर्बलता से ग्रस्त है और इस तरह उस व्यक्ति की मृत्यु त्वरित करता है, तो उसने अपराध किया है –

(1) उस व्यक्ति की हत्या

(2) कोई अपराध नही

(3) उस व्यक्ति का आपराधिक मानववध जो हत्या की कोटि में नहीं आता

(4) उस व्यक्ति की घोर उपहति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

112. 'दहेज मृत्यु' में शामिल है –

(1) विवाह के सात वर्षों के भीतर अप्राकृतिक परिस्थितियों के अन्यथा महिला की मृत्यु।

(2) विवाह के सात वर्षों के भीतर महिला की जलाकर हत्या करना।

(3) विवाह के सात वर्षों के भीतर सामान्य परिस्थितियों के अन्यथा शारीरिक चोटों से महिला की मृत्यु।

(4) विवाह के सात वर्षों के भीतर महिला का आपराधिक मानववध।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

113. मुस्लिम विधि के अंतर्गत 'तुहर' का अर्थ है –

(1) दो माहवारियों के बीच की अवधि

(2) तीन माहवारियों की अवधि

(3) वह अवधि जिसमें पति की मृत्यु के पश्चात किसी मुस्लिम महिला को किसी से मिलने की अनुमति नहीं होती है

(4) अशुद्धता की अवधि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

114. Which one of the following statements is not correct under Section 120(A) of the Indian Penal Code?

(1) Under no circumstance, a single person can be convicted of the offence of criminal conspiracy.

(2) Husband and wife both can be convicted of criminal conspiracy.

(3) It is not necessary that every member of criminal conspiracy knows every detail of the offence to be committed.

(4) The basis of criminal conspiracy is consent between two or more persons.

(5) Question not attempted

115. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below -

**List-I**

**(Economic, Social and Cultural Rights under Universal Declaration of Human Rights)**

(A) Right to work

(B) Right to equal pay for equal work

(C) Right to a proper social order

(D) Right to rest and leisure

**List-II**

**(Indian Constitution)**

(I) Article 38

(II) Article 43

(III) Article 41

(IV) Article 39 (d)

**Code -**

(1) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)

(2) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(3) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(I)

(4) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(I)

(5) Question not attempted

114. भारतीय दंड संहिता की धारा 120(क) के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?

(1) किसी भी दशा में, एक अकेले व्यक्ति को आपराधिक षड्यंत्र के अपराध के लिए सिद्धदोष नहीं किया जा सकता है।

(2) आपराधिक षड्यंत्र के लिये पति–पत्नी दोनों को सिद्धदोष किया जा सकता है।

(3) यह आवश्यक नहीं है कि आपराधिक षड्यंत्र के प्रत्येक सदस्य को किये जाने वाले अपराध के सारे विवरण का ज्ञान हो।

(4) आपराधिक षड्यंत्र का आधार दो या अधिक व्यक्तियों के मध्य सहमति है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

115. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

**सूची–I**

**(मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अन्तर्गत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार)**

(A) काम का अधिकार

(B) समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार

(C) उचित सामाजिक व्यवस्था का अधिकार

(D) आराम और अवकाश का अधिकार

**सूची–II**

**(भारतीय संविधान)**

(I) अनुच्छेद 38

(II) अनुच्छेद 43

(III) अनुच्छेद 41

(IV) अनुच्छेद 39 (d)

**कूट -**

(1) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)

(2) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(3) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(I)

(4) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(I)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

116. With reference to Human Rights, which of the following statements are correct?

(I) The Protection of Human Rights Act, 1993 is (Act No. 9 of 1994).

(II) The Protection of Human Rights Act, 1993 deemed to have come into force on 28th day of September, 1993.

(III) The Protection of Human Rights Act, 1993 received the assent of the President on January 8, 1994.

(IV) National Commission on Human Rights (NCHR) was set up in India on September 27, 1993.

Select the correct answer using the code given below -

(1) (I), (II), (III) (2) (II), (III), (IV)

(3) (I), (III), (IV) (4) (II), (III) only

(5) Question not attempted

117. 'Knowledge' mentioned under clause 'secondly' of Section 300 of IPC, 1860 is a "subjective knowledge" of the victim's body. This was declared in case of -

(1) State of Andhra Pradesh v. Rayavarapu Punnayya

(2) Reg. v. Govinda

(3) Jagrup Singh v. State of Haryana

(4) Rajwant Singh v. State of Kerala

(5) Question not attempted

118. 'A' is running behind 'B' with a naked sword with intention of causing death of 'B', while running away 'B' takes out a pistol from his pocket, seeing that 'A' turns in the opposite direction and runs. While running back, 'B' shoots at 'A', killing 'A'. What offense has been committed by 'B'?

(1) 'B' had right of private defense, therefore, he has committed no offense.

(2) 'B' has exceeded his right of private defense, thus committed culpable homicide.

(3) There was no right of private defense in the situation given above, therefore, 'B' has committed murder.

(4) 'B' has committed unintentional murder.

(5) Question not attempted

116. मानव अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन सही हैं?

(I) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 (1994 का अधिनियम संख्या 9) है।

(II) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993, 28 सितम्बर 1993 से प्रवृत्त हुआ समझा जाएगा।

(III) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 को 8 जनवरी 1994 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई।

(IV) भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NCHR) की स्थापना 27 सितम्बर 1993 को की गई थी।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

(1) (I), (II), (III) (2) (II), (III), (IV)

(3) (I), (III), (IV) (4) (II), (III) केवल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

117. आई.पी.सी., 1860 की धारा 300 के खंड 'द्वितीय' के तहत उल्लेखित 'ज्ञान' पीड़ित के "शरीर का व्यक्तिपरक ज्ञान" है। इसे निम्न मामले में घोषित किया गया था –

(1) आंध्र प्रदेश राज्य बनाम रायवरपु पुन्नय्या

(2) रेग. बनाम गोविन्दा

(3) जगरूप सिंह बनाम हरियाणा राज्य

(4) राजवंत सिंह बनाम केरल राज्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

118. 'A', 'B' की मृत्यु कारित करने के आशय से 'B' के पीछे नंगी तलवार ले के भाग रहा है, भागते हुए 'B' अपनी जेब से पिस्टल निकालता है, ऐसा देखकर 'A' विपरीत दिशा में मुड़कर भागता है। वापस भागते हुए 'A' पर 'B' गोली चलाता है जिससे 'A' की मृत्यु हो जाती है। बतायें 'B' ने क्या अपराध किया है?

(1) 'B' के पास प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार था, इसलिए उसने कोई अपराध नहीं किया।

(2) 'B' ने प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का अतिलंघन किया है, इसलिए सदोष मानववध किया है।

(3) उपर्युक्त दी गई परिस्थिति में प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं था, इसलिए 'B' ने हत्या की है।

(4) 'B' ने गैर–इरादतन हत्या की है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

119. In which Section of Hindu Marriage Act, 1955 the term Sapinda Relationship is defined?
(1) Section 3(g)(i) (2) Section 3(h)(ii)
(3) Section 3(f)(i) (4) Section 3(d)(ii)
(5) Question not attempted

120. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below the lists -

**List-I**

(A) State of A.P. v. R. Punnayya
(B) Bhagwan Munjaji Pawade v. State of Maharashtra
(C) Dakhi Singh v. State
(D) K.M. Nanavati v. State of Maharashtra

**List-II**

(I) Lawful exercise of right of private defence (Public servant exceeding his power)
(II) Grave and sudden provocation
(III) Death caused in a sudden fight without pre-meditation
(IV) Distinction between murder and culpable homicide

**Code -**

(1) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)
(2) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)
(3) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(II)
(4) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(III), (D)-(II)
(5) Question not attempted

121. Whoever, by any means whatsoever, induces any minor girl to go from any place or to do any act with intent that such girl may be, or knowing that it is likely that such girl will be, forced or seduced to illicit intercourse with another person, is an offence of -
(1) Abduction of that girl
(2) Child sexual exploitation
(3) Kidnapping of that girl
(4) Procuration of that girl
(5) Question not attempted

119. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की किस धारा में सपिंड नातेदारी को परिभाषित किया गया है?
(1) धारा 3(g)(i) (2) धारा 3(h)(ii)
(3) धारा 3(f)(i) (4) धारा 3(d)(ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

120. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

**सूची–I**

(A) आन्ध्र प्रदेश राज्य बनाम आर. पुन्नय्या
(B) भगवान मुन्जाजी पावड़े बनाम महाराष्ट्र राज्य
(C) दखी सिंह बनाम राज्य
(D) के.एम. नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य

**सूची–II**

(I) प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विधिपूर्ण प्रयोग (लोकसेवक अपनी शक्ति से अधिक का प्रयोग करता है)
(II) गम्भीर एवं अचानक प्रकोपन
(III) अचानक लड़ाई में पूर्व–चिन्तन बिना मानववध
(IV) हत्या और आपराधिक मानववध में अंतर

**कूट –**

(1) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)
(2) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)
(3) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(II)
(4) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(III), (D)-(II)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

121. जो कोई भी, किसी भी तरह से किसी अप्राप्तवय लड़की को किसी स्थान से जाने के लिए या किसी भी कार्य को करने के लिए इस इरादे से प्रेरित करता है, कि ऐसी लड़की को किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध सम्भोग के लिए मजबूर या बहकाया जा सकता है, या यह जानते हुए कि लड़की के साथ ऐसा होने की सम्भावना है, एक अपराध है –
(1) उस लड़की का अपहरण
(2) बाल यौन शोषण
(3) उस लड़की का व्यपहरण
(4) उस लड़की का उपापन करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. Muta Marriage is -
(A) A temporary marriage
(B) Recognised under Shia law
(C) Recognised under Sunni law
(D) A marriage for a fixed period : a day, month, year
(E) The marriage in which dower need not be specified.
Choose the correct answer from the options given below -
(1) Only (A), (B), (D) (2) Only (A), (C), (D)
(3) Only (A), (C), (D), (E) (4) Only (A), (B), (E)
(5) Question not attempted

123. With reference to the Muslim Law, which of the following statements are correct?
Notwithstanding any custom or usage to the contrary; in all questions regarding -
(I) Intestate succession
(II) Special property of females
(III) Marriage
(IV) Trusts and trust property
The rule of decision, where the parties are Muslims shall be the Muslim Personal Law (Shariat).
Select the correct answer using the code given below -
**Code -**
(1) (II), (III), (IV) (2) (I), (II), (III), (IV)
(3) (I), (III), (IV) (4) (I), (II), (III)
(5) Question not attempted

124. 'A' and 'B' are good friends. 'A' proposes 'B' for marriage, but she denies. 'A', in suspicion of B's love affair with somebody else, monitors the use of mobile phone and email account by 'B'. What offence has been committed by 'A'?
(1) Assault (2) Stalking
(3) Voyeurism (4) Outrage the modesty
(5) Question not attempted

122. मुता विवाह है –
(A) अस्थायी विवाह
(B) शिया विधि के अंतर्गत मान्यता प्राप्त
(C) सुन्नी विधि के अधीन मान्य
(D) किसी नियत समयावधि एक दिन, माह, वर्ष तक के लिए विवाह
(E) वह विवाह जिसमें मेहर का विनिर्दिष्ट किया जाना आवश्यक नहीं है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए –
(1) केवल (A), (B), (D) (2) केवल (A), (C), (D)
(3) केवल (A), (C), (D), (E) (4) केवल (A), (B), (E)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

123. मुस्लिम विधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन सही हैं?
सभी प्रश्नों में तत्प्रतिकूल किसी रूढ़ि या प्रथा के होते हुए भी –
(I) निर्वसीयती उत्तराधिकार
(II) स्त्रियों की विशेष सम्पत्ति
(III) विवाह
(IV) न्यास तथा न्यास सम्पत्ति
ऐसे मामलों में जहाँ पक्षकार मुसलमान है, वहाँ विनिश्चय का नियम मुस्लिम स्वीय विधि (शरीयत) होगा।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
कूट –
(1) (II), (III), (IV) (2) (I), (II), (III), (IV)
(3) (I), (III), (IV) (4) (I), (II), (III)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

124. 'अ' और 'ब' अच्छे मित्र हैं। 'अ', 'ब' से विवाह करने का प्रस्ताव रखता है, परन्तु वह इन्कार करती है। 'अ' इस संदेह पर कि 'ब' का किसी अन्य के साथ प्रेम सम्बन्ध है, 'ब' द्वारा मोबाइल फोन व ई–मेल खाते के प्रयोग किए जाने को मॉनीटर करता है। 'अ' द्वारा कौनसा अपराध किया गया है?
(1) हमला (2) पीछा करना
(3) दृश्यरतिकता (4) लज्जा भंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

125. "The modesty of an adult female writ large on her body." Hon'ble Supreme Court of India gave this statement in case of -
(1) Rupan Deol Bajaj v. Kanwar Pal Singh
(2) Atma Ram v. State of Punjab
(3) R.P. Kapur v. State of Punjab
(4) State of Punjab v. Major Singh
(5) Question not attempted

126. The International Covenant on Civil and Political Rights consist of -
(1) 53 Articles and Five Parts
(2) 51 Articles and Five Parts
(3) 48 Articles and Six Parts
(4) 53 Articles and Six Parts
(5) Question not attempted

127. With reference to the Criminal Law, which of the following statements are correct?
(I) Absence of criminal intention is there in the act of a child under seven years of age.
(II) Absence of criminal intention is there in the act of a child above seven years of age and under twelve years of immature understanding.
(III) Absence of criminal intention is there in the act of a person of unsound mind.
(IV) Absence of criminal intention is there in the act done in good faith for the benefit of a person without consent.
Select the correct answer using the code given below -
(1) (I), (III) (2) (I), (II), (III), (IV)
(3) (I), (II), (III) (4) (I), (III), (IV)
(5) Question not attempted

128. Which of the following is not a disqualification for a natural guardian under the Hindu Minority and Guardianship Act, 1956?
(1) Conversion to any other religion
(2) Renounced the world
(3) Completely and finally renounced the world by becoming a hermit
(4) Both (1) and (3)
(5) Question not attempted

125. ''एक वयस्क महिला का शील उसके शरीर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।'' भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह कथन किस मामले में दिया?
(1) रूपन देओल बजाज बनाम कँवर पाल सिंह
(2) आत्मा राम बनाम पंजाब राज्य
(3) आर.पी. कपूर बनाम पंजाब राज्य
(4) पंजाब राज्य बनाम मेजर सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

126. सिविल और राजनैतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय वाचा (अभिसमय) में हैं –
(1) 53 अनुच्छेद और पाँच भाग
(2) 51 अनुच्छेद और पाँच भाग
(3) 48 अनुच्छेद और छः भाग
(4) 53 अनुच्छेद और छः भाग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

127. आपराधिक विधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन सही हैं?
(I) सात वर्ष से कम आयु के शिशु के कार्य में आपराधिक आशय का अभाव है।
(II) सात वर्ष से ऊपर किन्तु बारह वर्ष से कम आयु के अपरिपक्व समझ के शिशु के कार्य में आपराधिक आशय का अभाव है।
(III) विकृत चित्त वाले व्यक्ति के कार्य में आपराधिक आशय का अभाव है।
(IV) सम्मति के बिना किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किए गए कार्य में आपराधिक आशय का अभाव है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
(1) (I), (III) (2) (I), (II), (III), (IV)
(3) (I), (II), (III) (4) (I), (III), (IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

128. हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकता अधिनियम, 1956 के तहत निम्नलिखित में से कौनसी नैसर्गिक संरक्षक की अनर्हता नहीं है?
(1) धर्म–परिवर्तन
(2) संसार का परित्याग
(3) संसार का पूर्णतः एवं अन्तिम परित्याग कर संन्यासी होना
(4) (1) और (3) दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**129.** Consider the following events and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last activity -

(I) The Commission on Human Rights was established by the Economic and Social Council

(II) Universal Declaration on Human Rights

(III) European Convention on Human Rights and Fundamental Freedoms

(IV) American Convention on Human Rights

Select the correct answer from the code given below -

**Code -**

(1) (II), (IV), (III), (I) (2) (IV), (III), (II), (I)

(3) (I), (II), (III), (IV) (4) (II), (III), (IV), (I)

(5) Question not attempted

**130.** First Generation Human Rights are -

(1) Civil and Political Rights

(2) Social and Economic Rights

(3) Collective Rights and Community Rights

(4) Both (2) and (3)

(5) Question not attempted

**131.** A State is considered to violate International Law of Human Rights, if practises -

(1) Causing disappearance of individuals

(2) Systematic racial discrimination

(3) Arbitrary detention

(4) Both (1) and (2)

(5) Question not attempted

**132.** Hindu Adoptions and Maintenance Act does not allow a Hindu to adopt a child, who is -

(1) of unsound mind

(2) abandoned child of a Muslim

(3) child of Sikh religion

(4) child with unknown parentage

(5) Question not attempted

**129.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहली से लेकर अंतिम गतिविधि तक –

(I) आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा मानवाधिकारों पर आयोग स्थापित किया गया

(II) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा

(III) मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के संरक्षण का यूरोपीय कन्वेंशन

(IV) अमेरिकी मानवाधिकार कन्वेंशन

नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**कूट –**

(1) (II), (IV), (III), (I) (2) (IV), (III), (II), (I)

(3) (I), (II), (III), (IV) (4) (II), (III), (IV), (I)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**130.** प्रथम पीढ़ी के मानवाधिकार हैं –

(1) नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार

(2) सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार

(3) सामूहिक अधिकार एवं सामुदायिक अधिकार

(4) (2) एवं (3) दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**131.** किसी राज्य को मानवाधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाला माना जाता है, यदि वह निम्न कार्य करता है –

(1) व्यक्तियों को लापता कराना

(2) व्यवस्थित नस्लीय भेदभाव

(3) मनमाना निरोध

(4) (1) एवं (2) दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**132.** हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण–पोषण अधिनियम किसी हिन्दू को ऐसा बालक दत्तक लेने की अनुमति नहीं देता, जो –

(1) मानसिक रूप से विक्षिप्त हो

(2) एक मुस्लिम का परित्यक्त बालक

(3) सिक्ख धर्म का बालक हो

(4) जिसकी जनकता ज्ञात न हो

(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. To discharge the functions mentioned under Section 12 of The Protection of Human Rights Act, 1993, following is not a deemed member -

(1) Chairperson of National Commission for Minorities

(2) Chairperson of National Commission for Scheduled Castes

(3) Chairperson of National Commission for Scheduled Tribes

(4) Chairperson of State Human Rights Commission

(5) Question not attempted

133. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के अन्तर्गत उल्लिखित कार्यों के निर्वहन हेतु निम्नलिखित को मानद सदस्य नहीं माना गया है –

(1) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष

(2) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष

(3) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष

(4) राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

134. Section 3 of Hindu Adoptions and Maintenance Act does not provide the definition of -

(1) Minor (2) Adoption

(3) Maintenance (4) Custom and Usage

(5) Question not attempted

134. हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण–पोषण अधिनियम की धारा 3 में निम्नलिखित परिभाषा नहीं दी गई है –

(1) अप्राप्तवय (2) दत्तक

(3) भरण–पोषण (4) रूढ़ि एवं प्रथाएं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

135. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) -

**Assertion (A) -** Homicide is the killing of a human being by a human being.

**Reason (R) -** Homicide can be justifiable or excusable.

Select the correct answer using the code given below -

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

(5) Question not attempted

135. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A)** – मानववध मानव द्वारा मानव का वध है।

**कारण (R)** – मानववध न्यायानुमत या क्षमनीय हो सकता है।

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए –

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

136. Convention on Elimination of All Forms of Discrimination Against Women (CEDAW), 1979 came into force on -
(1) September 3, 1980 (2) September 5, 1982
(3) September 3, 1981 (4) September 5, 1979
(5) Question not attempted

136. महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर अभिसमय (CEDAW), 1979 प्रवर्तन में आई –
(1) 3 सितम्बर 1980 को (2) 5 सितम्बर 1982 को
(3) 3 सितम्बर 1981 को (4) 5 सितम्बर 1979 को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

137. Who is Chief Executive Officer of the National Human Rights Commission?
(1) Secretary-General of the Commission
(2) Home Secretary to the Central Government
(3) Senior-most Member of the Commission
(4) Chairperson of the Commission
(5) Question not attempted

137. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मुख्य कार्यपालक अधिकारी कौन होता है?
(1) आयोग का महासचिव
(2) केन्द्र सरकार का गृह सचिव
(3) आयोग का वरिष्ठतम सदस्य
(4) आयोग का अध्यक्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

138. With reference to the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956, which of the following statements are correct?
Any male Hindu if he has a wife living can adopt a daughter -
(I) Only with the consent of his wife
(II) The adoptive father is at least twenty years older than the daughter to be adopted
(III) Adopted daughter should be a Hindu
(IV) If a person has more than one wife living at the time of adoption the consent of all the wives is necessary
Select the correct answer using the code given below -
**Code -**
(1) (I), (II), (III) (2) (I), (III), (IV)
(3) (I), (IV) (4) (I), (II), (III), (IV)
(5) Question not attempted

138. हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे सही हैं?
कोई भी हिन्दू पुरुष जिसके जीवित पत्नी है पुत्री दत्तक ले सकता है –
(I) केवल पत्नी की सहमति से
(II) यदि पुत्री का दत्तक है, तो दत्तक लेने वाला पिता दत्तक से कम से कम बीस वर्ष बड़ा होना चाहिए
(III) दत्तक पुत्री हिन्दू होनी चाहिए
(IV) यदि किसी व्यक्ति की एक से अधिक पत्नियाँ दत्तक के समय जीवित हों, तो सभी पत्नियों की सम्मति आवश्यक होगी
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
**कूट –**
(1) (I), (II), (III) (2) (I), (III), (IV)
(3) (I), (IV) (4) (I), (II), (III), (IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**139.** Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below -

**List-I**

(A) Claimant to maintenance should be a Hindu

(B) Amount of maintenance may be altered on change of circumstances

(C) Debts to have priority

(D) Maintenance when to be a charge

**List-II**

(I) Section 24, Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956

(II) Section 25, Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956

(III) Section 26, Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956

(IV) Section 27, Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956

**Code -**

(1) (A)-(I), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(IV)

(2) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(3) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)

(4) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)

(5) Question not attempted

**140.** Consider the following events and arrange them into chronological order starting from the earliest to the last activity -

(I) International Conference on Human Rights, Tehran

(II) Vienna Convention on the Law of Treaties

(III) Enforcement of International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (came into force)

(IV) Enforcement of International Covenant on Civil and Political Rights (came into force)

Select the correct answer using the code given below -

**Code -**

(1) (II), (IV), (III), (I)   (2) (IV), (III), (II), (I)

(3) (I), (II), (III), (IV)   (4) (III), (IV), (II), (I)

(5) Question not attempted

**139.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

**सूची–I**

(A) भरण–पोषण के दावेदार को हिन्दू होना चाहिए

(B) परिस्थितियों में तब्दीली होने पर भरण–पोषण की रकम में परिवर्तन किया जा सकेगा

(C) ऋणों को प्राथमिकता दी जाएगी

(D) भरण–पोषण कब भार होगा

**सूची–II**

(I) धारा 24, हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956

(II) धारा 25, हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956

(III) धारा 26, हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956

(IV) धारा 27, हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956

**कूट –**

(1) (A)-(I), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(IV)

(2) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(3) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)

(4) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**140.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहली से लेकर आखिरी गतिविधि तक –

(I) मानवाधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, तेहरान

(II) संधियों के कानून पर वियना कन्वेंशन

(III) आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय वाचा का प्रवर्तन (लागू हुआ)

(IV) नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय वाचा का प्रवर्तन (लागू हुआ)

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**कूट –**

(1) (II), (IV), (III), (I)   (2) (IV), (III), (II), (I)

(3) (I), (II), (III), (IV)   (4) (III), (IV), (II), (I)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. In context of Muslim Marriage, find out the incorrect statement from the following -

(1) Fifth marriage in Shia Community is Batil marriage.

(2) Marriage with a pregnant woman is called Fasid in Sunni School.

(3) Prohibition by affinity is called Qurabat/Karabat.

(4) Fosterage is called Riza.

(5) Question not attempted

141. मुस्लिम निकाह के संदर्भ में निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए –

(1) शिया शाखा में पांचवां निकाह बातिल होता है।

(2) सुन्नी शाखा में गर्भवती स्त्री से निकाह फासिद निकाह कहलाता है।

(3) विवाह संबंधों में विवाह निषेध को कुर्बत/कराबत कहते हैं।

(4) धात्रेय सम्बंध रिज़ा कहलाता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

142. With reference to the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956, which of the following statement/s is/are correct?

A Hindu wife shall be entitled to live separately from her husband without forfeiting her claim to maintenance -

(I) if he is guilty of desertion

(II) if he has ceased to be a Hindu by conversion to another religion

(III) if there is no other cause justifying her living separately

(IV) if she(wife) is unchaste

Select the correct answer using the code given below -

**Code -**

(1) (I), (II)  (2) (I), (II), (III), (IV)

(3) Only (I)  (4) (I), (III), (IV)

(5) Question not attempted

142. हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?

हिन्दू पत्नी अपने भरण–पोषण के दावे को समपहृत किए बिना अपने पति से पृथक रहने के लिए निम्नलिखित किसी भी दशा में हकदार होगी –

(I) यदि उसका पति अभित्यजन करने का दोषी है

(II) यदि उसका पति कोई अन्य धर्म में संपरिवर्तित होने के कारण हिन्दू नहीं रह गया है

(III) यदि उसके (पत्नी) पृथक होकर रहने का कोई अन्य न्यायोचित कारण नहीं है

(IV) यदि वह (पत्नी) असती है

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

कूट –

(1) (I), (II)  (2) (I), (II), (III), (IV)

(3) केवल (I)  (4) (I), (III), (IV)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. The dower does not become confirmed under Shia Law -

(1) By consummation of marriage

(2) By Khilwat-e-Sahiha

(3) By the death of wife

(4) By the death of husband

(5) Question not attempted

143. शिया विधि के अन्तर्गत मेहर की पुष्टि नहीं होती है –

(1) विवाह के संसर्गित होने के द्वारा

(2) खिलवत–ए–सहीहा द्वारा

(3) पत्नी की मृत्यु द्वारा

(4) पति की मृत्यु द्वारा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. Which one of the following pair is NOT correctly matched?

(1) Sapinda Relationship - Principle of Exogamy

(2) Dayabhaga School - Jimutavahana

(3) Ceremonies of Marriage - Dharm Sutra

(4) Mitakshara School - Yajnavalkya Smriti

(5) Question not attempted

145. A petition for divorce by mutual consent may be presented -

(1) by either party of marriage in District Court

(2) together by both the parties in District Court

(3) jointly by both the parties in Magistrate Court

(4) separately by both the parties in District Court

(5) Question not attempted

146. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the code given below the lists -

**List-I**

(A) Voidable marriages

(B) Ceremonies for a Hindu Marriage

(C) Judicial Separation

(D) Registration of Hindu Marriages

**List-II**

(I) Section 10, Hindu Marriage Act, 1955

(II) Section 8, Hindu Marriage Act, 1955

(III) Section 12, Hindu Marriage Act, 1955

(IV) Section 7, Hindu Marriage Act, 1955

**Code -**

(1) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)

(2) (A)-(III), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(II)

(3) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(4) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(5) Question not attempted

144. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित <u>नहीं</u> है?

(1) सपिण्ड नातेदारी – बहिर्विवाह का सिद्धान्त

(2) दयाभाग स्कूल – जीमूतवाहन

(3) विवाह की (रस्में) कर्मकांड – धर्मसूत्र

(4) मिताक्षरा स्कूल – याज्ञवल्क्य स्मृति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. आपसी सहमति से विवाह विच्छेद के लिए याचिका निम्न न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकती है –

(1) विवाह के किसी भी पक्षकार द्वारा जिला न्यायालय में

(2) दोनों पक्षकारों द्वारा साथ–साथ, जिला न्यायालय में

(3) दोनों पक्षकारों द्वारा संयुक्त रूप से मजिस्ट्रेट न्यायालय में

(4) दोनों पक्षकारों द्वारा अलग–अलग, जिला न्यायालय में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

146. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए –

**सूची–I**

(A) शून्यकरणीय विवाह

(B) हिन्दू विवाह के लिए कर्मकाण्ड

(C) न्यायिक पृथक्करण

(D) हिन्दू विवाहों का रजिस्ट्रीकरण

**सूची–II**

(I) धारा 10, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(II) धारा 8, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(III) धारा 12, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(IV) धारा 7, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

**कूट –**

(1) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)

(2) (A)-(III), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(II)

(3) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(4) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

147. Which one of the following pairs is NOT correctly matched?

(1) Ahadis-i-Mutawatir - Universally accepted traditions

(2) Ahadis-i-Ahad - Isolated traditions that have not been followed regularly or by many

(3) Ahadis-i-Mashoor - Popular traditions which were narrated by the companions of the Prophet and have found mass acceptance

(4) Sunnat-ul-Taqrir - It refers to the words spoken by the Prophet Muhammad

(5) Question not attempted

148. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the code given below the lists -

**List-I (Case)**

(A) Bipin Chandra v. Prabhawati

(B) Dastane v. Dastane

(C) Joseph Shine v. Union of India

(D) Joginder v. Surjit

**List-II (Grounds of Divorce)**

(i) Cruelty

(ii) Insanity

(iii) Desertion

(iv) Adultery

**Code -**

(1) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

(2) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)

(3) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)

(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(ii)

(5) Question not attempted

147. निम्न युग्मों में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(1) अहदीस–ए–मुतवातीर – परम्परायें जो सार्वभौमिक स्वीकार्य हैं

(2) अहदीस–ए–अहद – अलग–थलग परम्परायें जिनका नियमित रूप से या कई लोगों द्वारा पालन नहीं किया जाता

(3) अहदीस–ए–मशहूर – लोकप्रिय परम्परायें जो पैगम्बर के साथियों द्वारा सुनाई गईं और जिन्हें व्यापक स्वीकृति मिली

(4) सुन्नत–उल–तकरीर – पैगम्बर मोहम्मद द्वारा बोले गए शब्द

(5) अनुत्तरित प्रश्न

148. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए –

**सूची–I (वाद)**

(A) बिपिन चन्द्र बनाम प्रभावती

(B) दास्ताने बनाम दास्ताने

(C) जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ

(D) जोगिन्दर बनाम सुरजीत

**सूची–II (विवाह विच्छेद के आधार)**

(i) क्रूरता

(ii) विकृत चित्तता

(iii) अभित्याग

(iv) व्यभिचार

**कूट –**

(1) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

(2) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)

(3) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)

(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(ii)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

149. 'Doctrine of Self-Preservation' was given in the case of -

(1) R. v. Dudley and Stephens (1884) 14 QBD 273

(2) R. v. Prince (1875) LR 2 CCR 154

(3) United States v. Holmes, 18 US 412 (1820)

(4) R. v. Tolson (1889) 23 QBD 168

(5) Question not attempted

150. With reference to the Criminal Law, which of the following statements are correct?

Where an offence is committed beyond the limits of India but the offender is found within the limits (territory), then -

(I) He may be given up for trial in the country where the offence was committed.

(II) He cannot be given up for trial in the country where the offence was committed.

(III) He cannot be tried in India.

(IV) He may be tried in India.

Select the correct answer using the code given below -

(1) (III), (IV) (2) (I), (III)

(3) (II), (IV) (4) (I), (IV)

(5) Question not attempted

149. 'आत्मसंरक्षण का सिद्धान्त' निम्नलिखित मामले में दिया गया है –

(1) आर. बनाम डूडली और स्टीफंस (1884) 14 क्यू.बी.डी. 273

(2) आर. बनाम प्रिंस (1875) एल.आर. 2 सी.सी.आर. 154

(3) यूनाइटेड स्टेट्स बनाम होम्स, 18 यू.एस. 412 (1820)

(4) आर. बनाम टॉल्सन (1889) 23 क्यू.बी.डी. 168

(5) अनुत्तरित प्रश्न

150. आपराधिक विधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन सही हैं?

जहाँ कोई अपराध भारत की सीमाओं के बाहर किया गया हो, किन्तु अपराधी भारत की सीमाओं (राज्यक्षेत्र) के भीतर पाया जाए, तो –

(I) उस देश में विचारण (मुकदमा) चलाया जा सकता है जहाँ अपराध कारित किया गया था।

(II) उस देश में विचारण (मुकदमा) नहीं चलाया जा सकता है जहाँ अपराध कारित किया गया था।

(III) उस पर भारत में विचारण (मुकदमा) नहीं चलाया जा सकता है।

(IV) उस पर भारत में विचारण (मुकदमा) चलाया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

(1) (III), (IV) (2) (I), (III)

(3) (II), (IV) (4) (I), (IV)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

---

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

3300861